प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 04.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पुलिस ने मानवता का फर्ज निभाया, बिछडे हुये बालक को परिजनों से मिलाया...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में संचालित यूपी-112 पुलिस टीम द्वारा लगातार सराहनीय / मानवीय कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 03.08.2021 को थाना कोतवाली महोबा अंतर्गत पीआरवी **1255** को सूचना प्राप्त हुयी कि एक बच्चा जो अपने परिजनों से बिछड गया है वह चित्रकूट के लिये जाने वाले श्रद्धालुओं के पीछे-पीछे जा रहा कृपया उसको परिजनों तक पहुंचाने में मदद करें।

इस सूचना पर पीआरवी **1255** तत्काल **06** मिनट में घटनास्थल पर पहुंची जहां देखा कि एक बच्चा जिसकी उम्र करीब **03** वर्ष है जो अकेले कानपुर हाइवे पर चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं के पीछे-पीछे पैदल जा रहा है और रोते हुये अपने परिजनों को खोज रहा है, इस पर सक्रियता दिखाते हुये पीआरवी महिला कर्मियों ने बच्चे से परिजनों के बारे में पूछा तो उसने केवल अपने पिता का नाम मनोज बताया इसके अलावा और कुछ भी नहीं बता पा रहा था, बच्चे के संबंध में आसपास पूंछने पर कुछ जानकारी न मिलने पर उसके संबंध में जानकारी करते हुए महोबा शहर की तरफ आए तो परमानन्द चौक के पास एक दुकानदार ने बताया कि इस बच्चे को शायद चित्रगुप्त मंदिर के पास देखा है।

पीआरवी कर्मियों ने उसके बताए स्थान पर जाकर पता किया तो बच्चे के चाचा चित्रगुप्त मंदिर के पुजारी मुकेश पंडित मिले जिन्होंने उस बच्चे को पहचान लिया तथा बच्चे के द्वारा भी उनको पहचान लिया गया जिसके क्रम में बच्चे को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया।

इस प्रकार पीआरवी कर्मियों की तत्परता व सजगता से करीब **03** वर्षीय घर से भटके हुए बच्चे सिद्धांत को करीब **03** किमी दूर खोजने के बाद उसके घर चाचा को सकुशल सुपुर्द किया।

**पीआरवी स्टाफ- (इवेन्ट संख्या 04478)**

कमांडर - **HC** जयपाल सिंह

सब कमांडर – 1. म0आ0 पूजा बिंद 2. म0आ0 गुड़िया यादव

पायलट - **HG** इनायत अली।






# कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु फायर सर्विस टीम द्वारा किया गया सैनेटाइजेशन.

आज दिनाँक 04.08.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर व्रह्द रुप से सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में आज एफ एस ओ देवेश तिवारी एवं फायर सर्विस टीम (चालक जुनैद, फायरमैन अमित, जगन) द्वारा कोविड-19 की रोकथाम हेतु निम्न प्रशासनिक कार्यालय एवं आवासों को सैनिटाइज किया गया।

1. पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा
2. कलेक्ट्रेट महोबा
3. तहसील सदर
4. सरकारी बस अड्डा 5. सरकारी बस वर्कशॉप
6. थाना कुलपहाड़
7. तहसील कुलपहाड़ 8. एसडीएम कुलपहाड़ आवास
9. सीओ कुलपहाड़ आवास 10. चौकी बेलाताल
11. थाना अजनर।



# क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर आज दिनांक 04.08.2021 को जनपद के थाना श्रीनगर में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र की अध्यक्षता में व प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार की उपस्थिति में तथा थाना महोबकंठ में थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री सुनील कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आगामी मोहर्रम त्योहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आहूत की गयी, जिसमें क्षेत्र के सम्मानित ताजियादारों से कोरोना गाईड लाईन पालन करते हुए घरों में रहकर मनाने एवं जुलूस नहीं निकालने की अपील की गयी। कर्बला की मिट्टी लाने के लिए सिर्फ तीन ही लोग जाएं और सामाजिक दूरी का विशेष ध्यान रखें, किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना मिलने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें और मुहर्रम पर्व पर शांति और सौहार्द का मिसाल कायम करें, पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित ताजियादारो एवं प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम त्यौहार को लेकर किसी भी प्रकार से सार्वजनिक तौर पर कहीं भी एकत्रित ना हो व शांतिप्रिय ढंग से त्यौहार को मनाए और किसी भी जाति व धर्म को ठेस न पहुंचे, इस बात का विशेष ख्याल रखें, यदि कोई भी असामाजिक तत्व त्यौहार में कोई भी दखल पैदा करने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें जिससे ऐसे व्यक्ति को चिन्हित कर उसके ऊपर कानूनी विधिक कार्रवाई की जाये।






**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:- 04.08.2021**

# महोबा पुलिस

**सोशल मीडिया सेल**

## थाना पनवाडी पुलिस टीम ने चोरी के इरादे से घर में घुसे अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त तमंचे सहित किया गिरफ्तार...।

आज दिनांक 04.08.2021 को कस्बा पनवाडी निवासी श्री रघुवीर व्यास पुत्र चतुर्भुज व्यास द्वारा सूचना दी गयी कि रात्रि में करीब 02.15 **AM** बजे दो व्यक्ति घर में घुस आये हैं तथा जिन्होने तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर किया है जिससे चन्दा देवी उम्र करीब 55 बर्ष व गौतम सेन उम्र करीब 20 बर्ष घायल हो गये हैं। इस सूचना पर तत्काल थाना पनवाड़ी सेप्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम घटना स्थल पर पहुंची जहां घायलो को उपचार हेतु **CHC** पनवाड़ी भेजा गया, जहाँ से उन्हे उपचार हेतु झांसी रिफर किया गया।

तत्क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने अभियुक्त बिपिन राजपूत पुत्र जयपाल निवासी ग्राम औडेरा थाना कोतवाली राठ जिला हमीरपुर जो एक सातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना राठ व थाना चरखारी मे कई मुकदमे पंजीकृत है , जिसे मौके से ही मय एक अदद तमंचा 315 बोर , 02 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व एक अदद मोबाईल फोन नोकिया व एक अदद लोहे की राड सहित गिरफ्तार किया गया उक्त घटना पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 162/2021 धारा 459/323/307 **IPC** तथा उक्त बरामदगी पर मु.अ.सं. 163/2021 धारा 3/25 **A ACT** पंजीकृत किया गया बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मान0 न्यायालय / जेल भेजा गया। शेष 01 अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### अपराध विवरण--

1.मु.अ.सं. **162/2021** धारा 459/323/307 **IPC** थाना पनवाड़ी महोबा।
2.मु.अ.सं. 163/2021 धारा 3/25 **A ACT** थाना पनवाड़ी महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1- उ.नि. शेरेआलम खाँ थाना पनवाडी जनपद महोबा
2- का. मनीष कुमार थाना 3.रि0का0 अजीत कुमार मौर्या 4. हो0गा0 बृजेन्द्र सिंह

**बरामदगीमाल-** एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर , एक अदद लोहे की राड , एक अदद मोबाइल नोकिया रंग नीला कीपैड बरामद हुआ।



आपराधिक इतिहास विपिन राजपूत पुत्र जयपाल राजपूत निवासी ग्राम औड़ेरा थाना राठ जनपद हमीरपुर

| क्र.सं. | मु.अ.सं. | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 47/2018 | 411 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 2 | 565/2018 | 392/411 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 3 | 568/2018 | 392/411 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 4 | 583/2018 | 3/25 आर्म्स एक्ट | राठ | हमीरपुर |
| 5 | 22/2019 | 4/25 आर्म्स एक्ट | राठ | हमीरपुर |
| 6 | 23/2019 | 2/3 गैंगस्टर अधिनियम | राठ | हमीरपुर |
| 7 | 222/2019 | 8/20 NDPS ACT | राठ | हमीरपुर |
| 8 | 174/19 | 325/323/504/506 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 9 | 221/19 | 4/25 आर्म्स एक्ट | राठ | हमीरपुर |
| 10 | 497/2019 | 394/411 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 11 | 466/19 | 380 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 12 | 479/19 | 394 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 13 | 311/19 | 380/457/411 IPC | राठ | हमीरपुर |
| 14 | 273/2020 | 2/3 गैंगस्टर अधिनियम | राठ | हमीरपुर |
| 15 | 263/2021 | 8/20 NDPS ACT | राठ | हमीरपुर |
| 16 | 357/20 | 307 IPC | चरखारी | महोबा |
| 17 | 360/20 | 3/25 ए एक्ट | चरखारी | महोबा |
| 18 | 07/21 | 3(1) गैंगेस्टर अधि0 | चरखारी | महोबा |
| 19 | 26/2020 | 457/380 IPC | चरखारी | महोबा |
| 20 | 162/2021 | 459/323/307 IPC | पनवाड़ी | महोबा |
| 21 | 163/2021 | 3/25 शस्त्र अधि0 | पनवाड़ी | महोबा |

Mahoba Police

# प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 04.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा और आत्मसम्मान के प्रति किया जा रहा है जागरुक...।

आज दिनांक 04.08.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वाड निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के साथ जनपद स्तर पर गठित एण्टीरोमियो स्क्वॉड सक्रिय रुप से कार्यवाही कर रहे हैं, टीम द्वारा कोचिंग सेन्टरों, बस स्टैण्ड,विभिन्न सार्वजनिक स्थानों आदि के आस-पास अनावश्यक रुप से चहलकदमी करने वाले मनचलों /संदिग्ध युवको की चैकिंग कर सख्त हिदायत दी जा रही है।

इसी क्रम में एण्टी रोमियो टीम द्वारा सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है जिसमें उनको हेल्पलाइन नम्बरों वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई साथ ही मास्क पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 04.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना खन्ना पुलिस टीम नें जिला बदर शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार




पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध पर अंकुश एवं शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के नेतृत्व में चलाये जा रहे जिलाबदर अपराधियों के सत्यापन/अवैध शस्त्र धारक अपराधियो की चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री शिव आसरे थाना खन्ना की देखरेख में चलाये जा रहे जिला बदर अभियान में पुलिस टीम को उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। जब प्रभारी निरीक्षक महोदय के निर्देश पर दिनांक 04.08.2021 को उ.नि. श्री सर्वेन्द्र सचान मय हमराह का0 चेतपाल व का0 प्रमोद सिंह म0का0 कामना मु0अ0सं0 82/2021 धारा 10 यूपी गुण्डा एक्ट के जिला बदर अपराधी **अनिल अहिरवार पुत्र छंगा अहिरवार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम बरभौली थाना खन्ना जनपद** महोबा को गिरफ्तार कर थाना हाजा पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

**अनिल अहिरवार पुत्र छंगा अहिरवार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम बरभौली थाना खन्ना जनपद महोबा।**

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ.नि. श्री सर्वेन्द्र सचान 2.का0 चेतपाल

3. का0 प्रमोद सिंह 4.म0का0 कामना

## क्षेत्राधिकारी नगर एवं आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में शराब के ठेकों में चला सघन चेकिंग अभियान...।



पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 04.08.2021 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय एवं आबकारी निरीक्षक ने थाना कोतवाली क्षेत्र में शराब (देशी, बियर एवं अंग्रेजी) के ठेकों का मय पुलिस फोर्स के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसमें अभिलेखों का अवलोकन कर नकली शराब की चेकिंग हेतु स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया गया जिसके क्रम में शर्तों का उल्लंघन इत्यादि की जांच में कमियां पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी कडे निर्देश दिये गये, इसी क्रम में कहा गया कि आगामी त्यौहार में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। शराब के ठेकेदारों व सेल्समैन को शर्तों के अनुरुप कार्य करने की चेतावनी दी गयी।



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 04.08.2021**

**सोशल मीडिया सेल**

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम नें अवैध शराब सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



आज दिनांक 04.08.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन मे तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान अवैध शराब ,बरामदगी व गिरफ्तारी के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर अनिल कुमार द्वारा गठित टीम ने मुखिबर खास की सूचना पर ग्राम से एक नफर अभियुक्त अनिल राजपूत पुत्र मोहनलाल राजपूत नि0ग्राम सिंहपुर थाना महाराजपुर जिला छतरपुर के कब्जे से बरामदा माल एक प्लास्टिक की सीमेंण्ट की बोरी में से 18 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब, तनु (सादा ) नाजायज बरामद होने के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 117/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम कर आवश्यक कार्यवाही की गयी ।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

**अनिल राजपूत पुत्र मोहनलाल राजपूत नि0ग्राम सिंहपुर थाना महाराजपुर जिला छतरपुर**

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

**1.उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश**

**2.का.जितेन्द्र सिंह**

**3.का0 सत्यदेव**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 04.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## "मोर्डिफाइड सैलेन्सर व प्रेशर हार्न का अभियान के निर्धारित कार्यक्रम के तहत चलाया गया चेकिंग/जागरुकता अभियान ...।





पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर आज दिनांक 04.08.2021 को बुलट में मोर्डिफाइड सैलेन्सर लगाकर चलने वाले तथा तीन सवारी, बिना हेलमेट के चलने वालो की चेकिंग अभियान चलाकर किया गया मोर्डिफाइड सैलेन्सर व प्रेशर हार्न का अभियान दिनांक 03/08/21 से 05/08/21 निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में जनपदीय यातायात पुलिस/जनपदीय पुलिस टीम द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग की गयी जिसके क्रम में आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा की गयी साथ ही सभी को यातायात नियमों से अवगत कराया गया । इस अवसर पर प्रभारी यातायात श्री अरविन्द् मिश्रा द्वारा लोगों को जागरुक करते हुये कहा गया कि आप सभी वाहन को नियंत्रित गति के साथ ही चलायें और अपने जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभायें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके साथ ही सभी को प्रोत्साहित करते हुये कहा गया कि अपने परिवारीजनों, दोस्तों, रिश्तेदारों को भी हेलमेट, सीटबैल्ट व यातायात नियमों का पालन करने के लिये जागरुक करें।







प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः- 04.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## अपराध गोष्ठी पर प्र0नि0/थानाप्रभारी को दिए आदेश थाना क्षेत्रों मे चिन्हित स्थानों पर प्रभावी गस्त कर अपराध पर लगाएं अकुंश-एसपी

## सराहनीय/उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र

## सभी थानो के लिए मेस एवं अन्य आवश्यक समान वितरित किया गया



आज दिनाँक 04.08.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराधसमीक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन महोबा में किया गया इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों के लिए मेस और अन्य आवश्यक समान वितरित किए गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर कर्मचारियों की समस्याओं का जाना और उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया, गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों को निम्नलिखित आदेश-निर्देश दिये गये-

1. अवैध शराब की बिक्री तथा निष्कर्षण में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों/ थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
2. जनता की समस्याओं को नम्रतापूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाये।
3. पुरुस्कार घोषित हिस्ट्रीशीटर / जेल से रिहा अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी की जाये।

4. CS/FR आनलाईन सममिट करने का प्रपोजल विचाराधीन है।

5. डायल 112 को रुट चार्ट के लिए थानों से तालमेल बनाकर कार्यवाही करे।

6. प्रतिदिन पैदल गश्त करके जनता मे सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराया जाये साथ ही इसके प्रति जागरूक किया जाये ज्यादा से ज्यादा ई चलान करे साथ ही बैंक/एटीएम/ सर्राफा दुकानों के आसपास चेकिंग की जाये।

7. महिला सम्बंधी / एससी एसटी से संबंधित अपराधों का त्वरित विधिक निस्तारण किया जाय।

8. सीमाओं पर थानों का बोर्ड स्पष्ट होना चाहिए।

9. थानो/ अपराध शाखा में लम्बित विवेचनाओं का एवं NBW,NCR शीघ्र निस्तारण किया जाये।

10. गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही की जाये तथा थानो पर गुमशुदगी रजिस्टर का अवलोकन कर पूर्व में गुमशुदा लोगो की तलाश में तेजी लायी जाय।

11. अवैध शराब, जुआ एवं शस्त्र बरामदगी के सम्बंध में निर्देश दिये गये।

12.आई.जी.आर.एस में प्राप्त सूचनाओं समय से निस्तारण किया जाय एवं वेरीफिकेशन का समय से निस्तारण करें।

**13. चोरी की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा करने का प्रयास किया जाय।**

**14. जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी रविवार को अपने-अपने थानों पर थाना स्टाफ के साथ सफाई अभियान चलायें**

15.वाहन चोरी/गैंगस्टरएक्ट/संगीन अपराधों में वाछिंत अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाय।

**16. सभी थानों में आरक्षियों के बीट वितरण के संबंध में सभी SO/SHO से जानकारी ली गयी एवं बीट आरक्षियों से उनके बीट में HS तथा क्राइम के बारे में जानकारी ली गई।**

**17.सभी क्षेत्राधिकारी अपनें क्षेत्र में बीट आरक्षियों के बीट बुक चेक कर उन्हें अपराध के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करें।**

इसी क्रम पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी1256 थाना कोतवाली नगर को कम समय में इवेंट पर पहुंचकर नवजात लावारिश शिशु को अस्पताल महोबा में भर्ती कराया पीआरवी टीम हे0कां0 भारत सिंह, कां0 धर्मेन्द्र कुमार को ,पीआरवी1249 थाना खन्ना कम समय में इवेंट में पहुंचकर अज्ञात वाहन से एक्सीडेन्ट में घायलों का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया पीआरवी टीम हे0कां0 नवनीत,हे0कां0 मोहम्मद इदरीश, कां0 मुलायम सिंह को , आइजीआरएस का समय से निस्तारण करने के लिए थाना खन्ना ,थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राम प्रवेश राय को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये एवं उ0नि0श्री राहुल परमार

Mahoba Police

# प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांकः- 04.08.2021**

# महोबा पुलिस

**सोशल मीडिया सेल**

प्रभारी(सर्विलांश/स्वाट टीम),उ0नि0 श्री राजबहादुर(सर्विलांश/स्वाट टीम), कां अशुंल दुबे(सर्विलांश टीम), कां0 सत्यम जादौन(साइबर सेल),कां0 दीपक वर्मा(सर्विलांश) एवं स्वाट टीम को थाना श्रीनगर क्षेत्र में जुवारियों के विरुध्द आश्यक कार्यवाही के लिए, थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में हुयी चोरी का सफल अनावरण के लिए,थाना महोबकंण्ठ में हुयी लूट कि गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में, आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

इस क्षेत्राधिकारी नगर श्री राम प्रवेशराय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, पीआरओ श्री राजेश मौर्य एवं समस्त शाखा प्रभारी/ थाना प्रभारी उपस्थिति रहे।





Mahoba Police

Mahoba Police

## अपराध गोष्ठी पर प्र0नि0/थानाप्रभारी को दिए आदेश थाना क्षेत्रों मे चोरी आदि घटनाओं पर लगाए अकुंश-एसपी

## सराहनीय/उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र

आज दिनाँक 15.07.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराधसमीक्षा गोष्ठी का आयोजन पुलिस लाइन महोबा में किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर कर्मचारियों की समस्याओं का जाना और उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया, गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों को निम्नलिखित आदेश-निर्देश दिये गये-

1. अवैध शराब की बिक्री तथा निष्कर्षण में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों/ थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।
2. जनता की समस्याओं को नम्रतापूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाये।
3. पुरुस्कार घोषित हिस्ट्रीशीटर / जेल से रिहा अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी की जाये।
4. CS/FR आनलाईन सममिट करने का प्रपोजल विचाराधीन है।
5. डायल 112 को रुट चार्ट के लिए थानों से तालमेल बनाकर कार्यवाही करे।
6. प्रतिदिन पैदल गश्त करके जनता मे सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराया जाये साथ ही इसके प्रति जागरूक किया जाये ज्यादा से ज्यादा ई चलान करे साथ ही बैंक/एटीएम/ सर्राफा दुकानों के आसपास चेकिंग की जाये।
7. महिला सम्बंधी / एससी एसटी से संबंधित अपराधों का त्वरित विधिक निस्तारण किया जाय।
8. सीमाओं पर थानों का बोर्ड स्पष्ट होना चाहिए।
9. थानो/ अपराध शाखा में लम्बित विवेचनाओं का एवं NBW,NCR शीघ्र निस्तारण किया जाये।
10. गुण्डा अधिनियम की कार्यवाही की जाये तथा थानो पर गुमशुदगी रजिस्टर का अवलोकन कर पूर्व में गुमशुदा लोगो की तलाश में तेजी लायी जाय।
11. अवैध शराब, जुआ एवं शस्त्र बरामदगी के सम्बंध में निर्देश दिये गये।
12. आई.जी.आर.एस में प्राप्त सूचनाओं समय से निस्तारण किया जाय एवं वेरीफिकेशन का समय से निस्तारण करें।
13. **चोरी की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा करने का प्रयास किया जाय।**
14. **जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी रविवार को अपने-अपने थानों पर थाना स्टाफ के साथ सफाई अभियान चलायें**
15. वाहन चोरी/गैंगस्टरएक्ट/संगीन अपराधों में वाछिंत अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाय।

इसी क्रम पुलिस अधीक्षक द्वारा पीआरवी1260 थाना चरखारी को कम समय में इवेंट पर पहुंचकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक की जान बचाने के लिए पीआरवी टीम हे0का0 रामकिशुन, म0आ0 शकुतंला,कविता यादव को ,

आइजीआरएस का समय से निस्तारण करने के लिए थाना कोतवाली ,थाना अजनर महिला थाना के प्रभारी निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये एवं पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूट धाम बाँदा द्वारा सीसीटीएनएस में महोबा को प्रथम स्थान पाने के लिए कम्पयूटर आपरेटर रहमान, अंकुर जयसवाल को प्रशस्ति पत्र दिया गया।
इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राम प्रवेशराय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तजबहादुर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह एवं समस्त शाखा प्रभारी/ थाना प्रभारी उपस्थिति रहे।

Mahoba Police